कौशल हब पहल

Skill Hub Initiative

के तहत

डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स

Domestic Data Entry Operator

केवल ड्रॉप आउट विद्यार्थियों के लिए

Only for Drop out Students

"जागो युवा जागो"
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का हिस्सा बनो

पंजीकरण की अंतिम तिथि :
30.12.2021
समय -11:00 से 2:00 बजे
(प्रति कार्य दिवस)

स्थान: केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर | **शुल्क: निशुल्क** | **आयु सीमा: 15 से 29 वर्ष**

कोर्स का समय: दोपहर पश्चात | **न्यूनतम योग्यता: कक्षा 10 उत्तीर्ण**

यदि आप कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के पश्चात अपनी शिक्षा जारी रखने से वंचित रह गए है तो आपके लिए कौशल आधारित डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स में भाग लेकर अपने कौशल को बढ़ाने का एक मौका है, जो आपके आजीविका अर्जित करने में सहायक सिद्ध होगा.

कोर्स संबंधी दिशा निर्देश

1. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय मंदसौर को स्किलहब केन्द्र बनाया गया है. देशभर में PMKVY योजना के तहत उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश (प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना) पढ़ाई छोड़ चुके)Dropouts) हैं और अभी उनके पास किसी भी प्रकार का काम नहीं है. ऐसे विद्यार्थी इस स्किलहब में कौशल प्राप्त कर सकते हैं. न्यूनतम कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थी जो वर्तमान में किसी भी स्कूल या कॉलेज में अध्ययनरत नहीं है वे इस कोर्स के लिए पात्र है.

2. डोमेस्टिक डाटा ऑपरेटर कोर्स को जनवरी 2022 से प्रारंभ किया जाएगा जिसकी मान्यता राष्ट्रीय कौशल विकास निगम)National Skill Development Corporation / NSDC) तथा नैशनल स्किल्स क्वॉलिफिकेशन फ्रेमवर्क)NSQF) से प्राप्त होगी। कोर्स के उपरांत कौशल परीक्षा के बाद प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा.

3. विद्यालय में कोर्स का संचालन दोपहर के बाद विद्यालय परिसर में किया जाएगा. इस कोर्स को करने के लिए कक्षाओं में न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य है. कोर्स के लिए लाभार्थियों को आधार युक्त बायोमैट्रिक उपस्थिति देनी होगी. कोर्स के बैच में विद्यार्थियों की संख्या 15 से 40 तक होगी.

4. कोर्स करने के इच्छुक आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में पंजीकरण फॉर्म भरकर विद्यालय कार्यालय में कार्य दिवस पर 10.00 बजे से 1.00 बजे के मध्य जमा करना होगा एवं साथ में गूगल फॉर्म पर अपनी जानकारी भरनी होगी. पंजीकरण फॉर्म विद्यालय वेबसाईट https://mandsaur.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध है एवं गूगल फॉर्म का लिंक निम्न है: https://forms.gle/LzD9BH4tRLK57EZS8

5. पंजीकरण फॉर्म के साथ कक्षा 10 की अंकतालिका, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो की प्रति संलग्न करना होगा.

6. निर्धारित संख्या से अधिक पंजीकरण प्राप्त होने पर उचित प्रक्रिया द्वारा आवेदकों की छंटनी की जा सकती है. इस बारे में विद्यालय का निर्णय अंतिम होगा.

7. पंजीकरण की अंतिम तिथि 30.12.2021 है एवं कोर्स जनवरी 2022 से प्रारंभ होगा.

किन्ही भी कारणों से नियमित शिक्षा छोड़ चुके विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास का यह सुनहरा अवसर है.